दिनांक: 02.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई परिवहन क्षेत्र में भारत को उभरती वैश्विक शक्ति बताया।
- भाजपा राज्य में जल संरक्षण अभियान चलाएगी–5 जून से शुरू होने वाले इस अभियान में लोगों को पानी बचाने के लिए जागरुक किया जाएगा।
- प्रदेश में गौवंश के पशुओं को लम्पी रोग से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू–अगले दो महीनों में एक करोड़ 11 लाख पशुओं को टीके लगाने का लक्ष्य।
- जेईई एडवांस परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित–कोटा के रजित गुप्ता पहले स्थान पर।

----------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विमानन क्षेत्र वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में भारत की अहम भूमिका है। देश हवाई परिवहन क्षेत्र में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ, आईएटीए की 81वीं वार्षिक आम बैठक में बोल रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि उड़ान योजना की सफलता भारतीय नागरिक विमानन क्षेत्र में स्वर्णिम अध्याय है और अब भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

----------

कार्यक्रम के जरिए विमानन उद्योग की चुनौतियों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इसमें एयरलाइन उद्योग की अर्थव्यवस्था, हवाई संपर्क, ऊर्जा सुरक्षा, टिकाऊ विमानन ईंधन उत्पादन, कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए वित्तपोषण और नवाचार शामिल हैं। कल से शुरू हुए आईएटीए के इस कार्यक्रम का समापन कल होगा।

----------

केन्द्र सरकार ने, देश में इलेक्ट्रिक कार निर्माण योजना के दिशा–निर्देश की अधिसूचना जारी की है। भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत, आयात–कर को कम करने की पेशकश कर रहा है। बडे अंतर्राष्ट्रीय कार ब्रांड को आकर्षित करने के लिए कम से कम 35 हजार डॉलर की कीमत की इलेक्ट्रिक कार पर 15 प्रतिशत का **आयात–कर** लागू है। श्री कुमारस्वामी ने कहा कि यह लाभ तभी उपलब्ध होंगे जब कंपनियां देश में इलेक्ट्रिक वाहनों में निवेश और विनिर्माण करने पर सहमत होती हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अनुमोदित आवेदकों को कम से कम चार हजार एक सौ पचास करोड रूपये का निवेश करना होगा। श्री कुमारस्वामी ने कहा कि अभी तक मर्सिडीज़ बेंज़, किया, हुन्डई और स्कोडा ने इस योजना में रूचि दिखाई है। वहीं टेस्ला कंपनी की बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी रूचि सिर्फ देश में शो–रूम खोलने की है।

----------

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में जल संरक्षण अभियान चलाएगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि ये अभियान 5 जून से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं और आम

लोगों को मॉनसून में जल संरक्षण के लिए जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज जयपुर में भाजपा मुख्यालय में हुई कार्यशाला में पार्टी की तिरंगा यात्रा रैली और जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

----------

देश भर में कोविड–19 के तीन हजार नौ सौ साठ से अधिक सक्रिय मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में सबसे अधिक 1 हजार 435 मामले दर्ज किए गए हैं, इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले सामने आये हैं। राजस्थान में सक्रिय रोगियों की संख्या 69 है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि इन दिनों सांस के रोगियों की संख्या बढ़ी है। हालांकि कोरोना संक्रमण को लेकर स्थिति चिंताजनक नहीं है।

----------

ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक का आज अंतिम संस्कार किया गया। श्री अलोक का नई दिल्ली स्थित आवास पर देर रात निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री आलोक ऊर्जा और इन्फ्रा क्षेत्र के विशेषज्ञ के रूप में पहचान रखते थे। वे बीकानेर, कोटा और उदयपुर में कलेक्टर भी रहे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिरिक्त अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आलोक के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में उनके कार्य कार्मिकों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने भी उनके असामयिक निधन को दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने के लिए श्री आलोक ने अथक प्रयास किये।

----------

प्रदेश में पशुओं को लम्पी रोग से बचाने के लिए आज से टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जयपुर के सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला से राज्य स्तरीय टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री कुमावत ने कहा कि ये अभियान दो महीने तक चलेगा। इसके तहत करीब एक करोड़ 11 लाख गौवंशीय पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि लम्पी पशुओं के लिए जानलेवा संक्रामक रोग है। टीकाकरण ही इस इससे बचाव का प्रमुख उपाय है। ऐसे में पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण के लिए जागरुक किया जाना आवश्यक है।

----------

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसके माध्यम से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी जा रही है। इसी कड़ी में आज सुनिये जयपुर के एसमएएस मेडिकल कॉलेज में कार्डियक सर्जन और योग विशेषज्ञ डॉ. मोहित शर्मा का संदेश।

----------

जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। आईआईटी कानपुर की ओर से इस परीक्षा का आयोजन किया गया था। रजित गुप्ता इस परीक्षा में अव्वल रहे हैं। रजित ने आईआईटी करने के इच्छुक विद्यार्थियों को पूरी लगन के साथ तैयारी करने की सलाह दी है।

----------

जेईई एडवांस्ड परीक्षा में सक्षम जिंदल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

---------

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। इस दौरान चार हजार से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रीयां दी गईं और 27 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यार्थियों से सकारात्मक भाव रखते हुए आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृति पर भी चिंता जताई।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के तकनीकी ज्ञान का नायाब उदाहरण पेश किया है। समारोह को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी संबोधित किया।

---------

भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र में आज एक तेंदुए ने आठ लोगों को घायल कर दिया। घायलों को आसींद और दौलतगढ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पैंथर ने नूवालिया, थारेला और मानाबा का खेड़ा गांवों में लोगों को जख्मी किया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए उदयपुर से विशेषज्ञों की टीम रवाना की गई है।

---------

प्रदेश में कई स्थानों पर अंधड़ और बरसात से मौसम बदल गया है। चूरू, हनुमानगढ, भरतपुर, श्रीगंगानगर सहित कई जगह उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम बदला और ठंडी हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने अधिकतर स्थानों पर आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि ये गतिविधियां पांच जून तक बनी रहने के आसार हैं।

---------

हनुमानगढ में बदले मौसम से बिजली आपूर्ति बाधित हुई। उधर, भरतपुर में बरसात शुरू होने के साथ ही किसान खेतों में जुताई तथा बुवाई में जुट गए।

---------